## खास-खबरें

### उपभोक्ताओं की राय में स्थानीय बाजार में 29 प्रतिशत उत्पाद नकली: रिपोर्ट

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** देश के आम उपभोक्ताओं का मानना है कि स्थानीय बाजारों में मिलने वाले करीब 29 प्रतिशत उत्पाद नकली हैं और सबसे अधिक नकली उत्पाद परिधान तथा उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणियों में बिक रहे हैं। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने देश के नौ शहरों के 1,639 उत्तरदाताओं पर किये गये उपभोक्ता सर्वेक्षण की रिपोर्ट सोमवार को जारी की। इसमें कहा गया है कि देश के लगभग हर हिस्से में नकली उत्पादों का गोरखधंधा चल रहा है। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले 89 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने जीवन में कम-से-कम एक बार नकली उत्पाद खरीदा है। नकली उत्पाद की श्रेणी में उत्पाद आते हैं जिनके निर्माता उसे जानबूझकर किसी प्रसिद्ध ब्रांड या ट्रेडमार्क वाले उत्पाद जैसा दिखाने की कोशिश करते हैं, जबकि उनकी गुणवत्ता सामान्यतः कम होती है। उपभोक्ताओं के अनुसार, परिधान (34 प्रतिशत) और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स (31 प्रतिशत) सबसे अधिक प्रभावित श्रेणियां हैं। उनमें 74 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि पिछले 12 महीनों में उनके क्षेत्र में नकली उत्पादों की समस्या बढ़ी है, विशेष रूप से एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल पुर्जों और स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों में।

### यूरोफ्रेग्रेंस ने भारत के लिए शेखर श्रीनिवासन को बनाया प्रबंध निदेशक

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** बहुराष्ट्रीय कंपनी यूरोफ्रेग्रेंस ने भारतीय बाजार के प्रति अपने विश्वास और संकल्प को दर्शाते हुए यहां के लिए शेखर श्रीनिवासन को प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में इस नियुक्ति की जानकारी देते हुए कहा कि वह भारत में अपनी उपस्थिति को और मज़बूत करना चाहती है। भारत का बाजार यूरोफ्रेग्रेंस के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाज़ारों में से एक होने के साथ-साथ इसकी विस्तार रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ भी है।कंपनी ने 2018 में यहां कदम रखा था और अब उसकी स्थानीय टीमों में 50 से अधिक सदस्य हैं जो फाइन फ्रेग्रेंस, होम केयर और पर्सनल केयर श्रेणियों (कैटेगरीज़) में ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### नवी मुंबई हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय मालवाहक उड़ान का परिचालन शुरू

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय मालवाहक उड़ान का परिचालन भी शुरू हो गया है। इस हवाई अड्डे से पहली समर्पित अंतरराष्ट्रीय मालवाहक उड़ान गत 02 अगस्त को शारजाह के लिए रवाना हुई। हवाई अड्डे की संचालक कंपनी अडानी एयरपोर्ट्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में इंडिगो कार्गो द्वारा संचालित इस पहली मालवाहक उड़ान को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए कहा कि इससे मुंबई महानगर क्षेत्र और पश्चिमी भारत के लिए एक नये एयर कार्गो गेटवे के रूप में हवाई अड्डे की भूमिका और मजबूत हुई है। इस उड़ान में लगभग 20 टन कार्गो भेजा गया, जिसमें सामान्य माल और जल्द खराब होने वाली वस्तुएं शामिल थीं। इस खेप में मुंबई और अहमदाबाद से प्राप्त बॉन्डेड ट्रांसफर कार्गो भी शामिल था, जिसे बॉन्डेड ट्रकिंग व्यवस्था के माध्यम से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक पहुंचाया गया था।

# आरबीआई के नए एफडी नियम लागू, स्मॉल फाइनेंस बैंकों को पहले बतानी होगी ब्याज दर

- एक अक्टूबर से बदलेंगे नियम, पारदर्शिता बढ़ाने और जमाकर्ताओं के हितों की सुरक्षा पर जोर
- सभी शाखाओं में समान ब्याज दर लागू होगी, बल्क डिपॉजिट के लिए अलग व्यवस्था बरकरार





**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्मॉल फाइनेंस बैंकों में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) कराने वाले निवेशकों के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सेकेंड अमेंडमेंट डायरेक्शंस-2026 के तहत लागू किए गए ये नियम एक अक्टूबर 2026 से प्रभावी होंगे। नए प्रावधानों का उद्देश्य एफडी से जुड़े लेनदेन में अधिक पारदर्शिता, स्पष्टता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है, ताकि जमाकर्ताओं के हितों की बेहतर सुरक्षा हो सके।

नई व्यवस्था के तहत अब स्मॉल फाइनेंस बैंकों को एफडी स्वीकार करने से पहले अपनी ब्याज दरों का पूरा शेड्यूल सार्वजनिक करना होगा। नियमित और बल्क डिपॉजिट दोनों पर लागू ब्याज दरें बैंक की वेबसाइट पर पहले से उपलब्ध करानी होंगी। इससे निवेशकों को अलग-अलग बैंकों की एफडी दरों की तुलना करने और बेहतर निर्णय लेने में सुविधा मिलेगी।

आरबीआई ने बल्क डिपॉजिट की ब्याज दरों के प्रकाशन के लिए भी समय निर्धारित किया है। सभी स्मॉल फाइनेंस बैंकों को प्रत्येक कार्यदिवस सुबह 10 बजे तक अपनी वेबसाइट पर लागू ब्याज दरें प्रकाशित करनी होंगी। इसके लिए अधिकतम 10 मिनट का ग्रेस पीरियड दिया गया है, यानी बैंक सुबह 10:10 बजे तक दरें अपडेट कर सकेंगे। बैंकिंग नियमों के अनुसार तीन करोड़ रुपये या उससे अधिक की एकल रुपये टर्म डिपॉजिट को बल्क डिपॉजिट माना जाएगा। केंद्रीय बैंक ने यह भी स्पष्ट किया है कि समान राशि और समान अवधि की एफडी पर बैंक की सभी शाखाओं में एक जैसी ब्याज दर लागू होगी। किसी ग्राहक को केवल शाखा या प्रोफाइल के आधार पर अलग ब्याज दर नहीं दी जा सकेगी। इससे सभी जमाकर्ताओं को समान व्यवहार सुनिश्चित होगा। हालांकि, आरबीआई ने बल्क डिपॉजिट के मामले में बैंकों को अलग-अलग ब्याज दरें तय करने की अनुमति दी है। यह छूट नियामकीय ढांचे के तहत डिपॉजिट की स्थिरता, लिक्विडिटी आवश्यकताओं और अन्य वित्तीय कारकों के आधार पर दी जाएगी। यह व्यवस्था नॉन-रेजिडेंट ग्राहकों के बल्क डिपॉजिट पर भी लागू होगी। आरबीआई का मानना है कि अग्रिम ब्याज दरों के खुलासे, समान प्राइसिंग और स्पष्ट नियमों से एफडी निवेशकों का भरोसा मजबूत होगा। साथ ही, स्मॉल फाइनेंस बैंकों को अपने फंड्स का बेहतर प्रबंधन करने में भी सहायता मिलेगी। नए नियमों से निवेशकों को एफडी बुक करने से पहले ब्याज दरों की सटीक जानकारी मिलेगी, जबकि बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सेंसेक्स 210 अंक टूटा, निफ्टी में 159 अंकों की गिरावट



**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः** घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट का रुख देखने को मिला। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 210 अंक टूटकर 78,428 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 159 अंक फिसलकर 24,614 पर आ गया। दिनभर के कारोबार के दौरान रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली दर्ज की गई, जिससे बाजार पर दबाव बना रहा। वैश्विक बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 102 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। जापान का निक्केई सूचकांक 203 अंक यानी 0.32 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक 156 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा।

अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान मजबूती का रुख रहा। डाउ जोन्स 693 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। नैस्डैक में 540 अंकों यानी 2.13 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई, जबकि एसएंडपी 500 सूचकांक 111 अंक यानी 1.48 प्रतिशत मजबूत होकर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की गतिविधियों पर नजर डालें तो पिछले सात कारोबारी दिनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 7,805 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की है। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इसी अवधि में 2,966 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी दर्ज की। हालांकि, पिछले 30 दिनों के आंकड़ों के अनुसार विदेशी निवेशक अब भी कुल मिलाकर 4,760 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की स्थिति में हैं, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 33,681 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की है। गौरतलब है कि इससे पहले सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई थी। उस दिन सेंसेक्स 544 अंक चढ़कर 78,639 पर और निफ्टी 390 अंक की बढ़त के साथ 24,774 के स्तर पर बंद हुआ था।

# एपल ऐप स्टोर पर फिर उपलब्ध हुआ टेलीग्राम

- 'पेज नॉट फाउंड' संदेश के बाद सेवा बहाल
- जल्द सभी यूजर्स को मिलेगा एक्सेस

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम एक बार फिर एपल ऐप स्टोर पर उपलब्ध हो गया है। कंपनी ने पुष्टि की है कि ऐप की सेवा बहाल कर दी गई है और जल्द ही यह सभी यूजर्स के लिए सामान्य रूप से उपलब्ध होगी। हालांकि, कंपनी ने ऐप के अस्थायी रूप से हटाए जाने या दोबारा बहाल किए जाने के कारणों की जानकारी नहीं दी है।

इससे पहले दिन में ऐप स्टोर पर टेलीग्राम का पेज दिखाई नहीं दे रहा था। यूजर्स को 'द पेज यू आर लुकिंग फॉर कांट बी फाउंड' का संदेश प्रदर्शित हो रहा था। यह स्थिति सामान्य रूप से तब उत्पन्न होती है, जब किसी ऐप या वेबसाइट का लिंक सक्रिय नहीं रहता, संबंधित फाइल सर्वर से हट जाती है या किसी तकनीकी कारण से सर्वर उस पेज तक पहुंच उपलब्ध नहीं करा पाता। ऐसे मामलों में 'पेज नॉट फाउंड' या 404 एरर प्रदर्शित होता है।

इसी बीच रूस में भी टेलीग्राम को लेकर विवाद जारी है। रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस ने टेलीग्राम के संस्थापक पावेल दुरोव पर आतंकवाद को बढ़ावा देने से जुड़े आरोप लगाए हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय वॉन्टेड सूची में शामिल किया है। एजेंसी का आरोप है कि टेलीग्राम प्रशासन ऐसे चैनलों, चैट्स और बॉट्स को हटाने में विफल रहा, जिनका उपयोग यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों और चरमपंथी संगठनों द्वारा तोड़फोड़, साइबर फ्रॉड और आतंकी गतिविधियों के लिए किया जा रहा था।

रूसी सुरक्षा एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि यदि आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो देश में टेलीग्राम पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद टेलीग्राम रूस के सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स में शामिल है और आम नागरिकों के साथ-साथ सरकारी तथा सैन्य क्षेत्र से जुड़े लोग भी इसका व्यापक उपयोग करते हैं।

# इस माह 14 दिन बंद रहेंगे बैंक पहले से निपटा लें जरूरी काम

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** अगस्त महीने में देशभर के विभिन्न राज्यों और शहरों में बैंक कुल 14 दिन बंद रहेंगे। इनमें पांच रविवार, महीने के दूसरे और चौथे शनिवार के अलावा अलग-अलग राज्यों में स्थानीय पर्वों और अवसरों के कारण सात अतिरिक्त अवकाश शामिल हैं। ऐसे में बैंक से जुड़े जरूरी कार्यों की योजना बनाकर ही शाखाओं में जाना बेहतर होगा।

महीने का पहला रविवार 2 अगस्त को बीत चुका है। इसके बाद 9, 16, 23 और 30 अगस्त को रविवार होने के कारण देशभर में बैंक बंद रहेंगे। वहीं, 8 अगस्त को दूसरे शनिवार तथा 22 अगस्त को चौथे शनिवार के अवसर पर भी सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों में अवकाश रहेगा। इसके अलावा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर कई राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। स्थानीय अवकाशों के कारण अलग-अलग राज्यों में सात अन्य दिनों पर भी बैंक शाखाओं में कामकाज नहीं होगा।

बैंकों की छुट्टियों के दौरान शाखाओं में नकद जमा, चेक क्लियरेंस और अन्य काउंटर सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। इसलिए ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवश्यक बैंकिंग कार्य अवकाश से पहले ही पूरा कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

हालांकि, बैंक अवकाश के दौरान डिजिटल बैंकिंग सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहेंगी। ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), एटीएम और अन्य डिजिटल माध्यमों से धन हस्तांतरण, बिल भुगतान, बैलेंस जांच और अन्य बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। इन सुविधाओं पर बैंक शाखाओं के बंद रहने का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बैंकिंग विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल सेवाओं के कारण छुट्टियों के दौरान भी अधिकांश वित्तीय लेनदेन आसानी से किए जा सकते हैं, लेकिन शाखा आधारित सेवाओं के लिए ग्राहकों को अवकाश कैलेंडर का ध्यान रखना चाहिए।


### 29 अगस्त को एथर लाएगी नया मास-मार्केट इलेक्ट्रिक स्कूटर

**बेंगलुरु।** एथर एनर्जी अपने नए ईएल प्लेटफॉर्म पर आधारित पहले मास-मार्केट इलेक्ट्रिक स्कूटर को 29 अगस्त को एथर कम्युनिटी डे के दौरान लॉन्च करेगी। कंपनी के सीईओ और सह-संस्थापक तरुण मेहता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि की।



उन्होंने कहा कि यह स्कूटर वर्षों के तकनीकी निवेश और नए आर्किटेक्चर का परिणाम है तथा अब इलेक्ट्रिक स्कूटर शुरुआती अपनाने के दौर से निकलकर मुख्यधारा का हिस्सा बन चुके हैं। नया स्कूटर बेहतर राइड गुणवत्ता, तेज सर्विस, बेहतर रीसेल वैल्यू, आसान चार्जिंग, उन्नत सुरक्षा फीचर और सॉफ्टवेयर आधारित स्मार्ट तकनीक से लैस होगा। यह एथर के ईएल प्लेटफॉर्म पर बना पहला प्रोडक्शन मॉडल है, जिसे पहली बार 2025 के एथर कम्युनिटी डे में प्रदर्शित किया गया था। इस लॉन्च के साथ कंपनी किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में प्रवेश करेगी और 450 तथा रिज्टा रेंज से आगे अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी।

# एलजी ने लॉन्च की 115 इंच तक की प्रीमियम एआई टीवी रेंज




**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने वर्ष 2026 के लिए अपनी नई प्रीमियम एआई टीवी श्रृंखला लॉन्च की है। कंपनी ने 25 अल्ट्रा-लार्ज स्क्रीन मॉडल पेश किए हैं, जिनमें सबसे बड़ा 292 सेमी (115 इंच) का क्यूएनईडी ईवो मिनी एलईडी फ्लैगशिप टीवी शामिल है। नई रेंज में क्यूएनईडी ईवो मिनी एलईडी, ओएलईडी ईवो, माइक्रो आरजीबी ईवो, मिनी आरजीबी ईवो और नैनो 4के यूएचडी तकनीक वाले टीवी शामिल हैं। एलजी के अनुसार नए टीवी एआई आधारित पिक्चर और साउंड, डॉल्बी विजन, डॉल्बी एटमॉस, वेबओएस 26, पांच वर्ष तक सॉफ्टवेयर अपडेट, एलजी शील्ड सुरक्षा और गेमिंग फीचर्स से लैस हैं।

कंपनी का कहना है कि बड़ी स्क्रीन वाले टीवी की बढ़ती मांग को देखते हुए यह श्रृंखला ओटीटी, लाइव स्पोर्ट्स और गेमिंग का बेहतर अनुभव देगी। नई रेंज की शुरुआती कीमत 19,990 रुपये से शुरू होकर प्रीमियम मॉडलों में 12.99 लाख रुपये तक है।

# सोना-चांदी में तेजी, चांदी 2.19 लाख और सोना 1.43 लाख रुपये पर पहुंचा

**आईबीजेए के अनुसार दोनों कीमती धातुओं में बढ़त, वर्षभर में सोना करीब 10 हजार रुपये महंगा**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** देश में सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, एक किलोग्राम चांदी का भाव 1,348 रुपये बढ़कर 2,18,635 रुपये पर पहुंच गया। वहीं, 24 कैरेट सोने की कीमत 309 रुपये बढ़कर 10 ग्राम के लिए 1,42,866 रुपये हो गई। प्रमुख शहरों में 24 कैरेट सोने का भाव 1.44 लाख रुपये के आसपास दर्ज किया गया।

आईबीजेए के अनुसार, 22 कैरेट सोना 1,30,865 रुपये, 18 कैरेट सोना 1,07,150 रुपये और 14 कैरेट सोना 83,577 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दिल्ली, जयपुर और लखनऊ में 24 कैरेट सोने का भाव 1,44,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि मुंबई, कोलकाता और रायपुर में यह 1,44,000 रुपये तथा भोपाल, पटना और अहमदाबाद में 1,44,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। वर्ष 2026 के दौरान सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोने का भाव 1,33,195 रुपये था, जो अब बढ़कर 1,42,866 रुपये हो गया है। इस प्रकार वर्ष की शुरुआत से अब तक सोना लगभग 10 हजार रुपये महंगा हो चुका है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत 2,30,420 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 2,18,635 रुपये पर आ गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी ने 3.86 लाख रुपये प्रति किलोग्राम का सर्वकालिक उच्च स्तर भी छुआ था।

कमोडिटी विशेषज्ञ अजय केडिया के अनुसार, सोना और चांदी अपने उच्चतम स्तर से नीचे कारोबार कर रहे हैं, इसलिए निवेशक चरणबद्ध तरीके से निवेश पर विचार कर सकते हैं। उनका अनुमान है कि वर्ष के अंत तक सोना 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2.80 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है। निवेशक गोल्ड ईटीएफ और सिल्वर ईटीएफ के माध्यम से भी निवेश कर सकते हैं, जिनकी खरीद-बिक्री शेयर बाजार की तरह की जाती है। और कम राशि से निवेश शुरू किया जा सकता है।




आदिवासी महाविद्यालयीन बालक छात्रावास बैतूल, आदिवासी महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास बैतूल, आदिवासी जिला स्तरीय उत्कृष्ट सीनियर बालक छात्रावास बैतूल, आदिवासी जिला स्तरीय उत्कृष्ट सीनियर कन्या छात्रावास बैतूल, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बैतूल, आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावासबैतूल, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास जीन, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बारव्ही, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास खेड़ी सावलीगढ़, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास खंडारा, आदिवासी सीनियर शासकीय कर्मचारी बालक छात्रावास बैतूल, आदिवासी सीनियर शासकीय कर्मचारी कन्या छात्रावास बैतूल, आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास बैतूल लाड़ो, आदिवासी विकासखंड स्तरीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास चिचोली, आदिवासी विकासखंड स्तरीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास चिचोली, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चिरापाटला, आदिवासी विकासखंड स्तरीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास शाहपुर, आदिवासी विकासखंड सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास शाहपुर, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास शाहपुर, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास ढोढरामऊ, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बीजादेही, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भौंरा, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास धपाड़ा, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास कछार, आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास भौंरा, आदिवासी विकासखंड स्तरीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास घोड़ाडोंगरी, आदिवासी विकासखंड स्तरीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास घोड़ाडोंगरी, आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास कुही, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास सलैया, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चिखली, आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास बंजारीढाल, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास पाढ़र, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास निश्चिंतपुर, आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास जूवाड़ी, आदिवासी विकासखंड स्तरीय उत्कृष्ट बालक छात्रावास भैंसदेही, आदिवासी विकास खंड स्तरीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास भैंसदेही, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास सांवलमेंढ़ा, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास विजयग्राम, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास झल्लार, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास धामनगांव, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास खामला, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास खोमई, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास कोथलकुंड, आदिवासी विकासखंड स्तरीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास भीमपुर, आदिवासी विकासखंड स्तरीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास भीमपुर, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास दामजीपुरा, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास आदर्श धनोरा, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चिल्लोर, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास कूनखेड़ी, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास प्रभढ़ाना, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चांदू, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास रतनपुर, आदिवासी विकासखंड स्तरीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास आठनेर, आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास आठनेर, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास सातनेर, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास हिड़ली, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास टेमनी, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास मांडवी, आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास टेमुरनी, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास येलकुंड, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास धनोरा, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास मेंढ़ा छिंदवाड़, आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास गारगुड़, आदिवासी जूनियर कन्या छात्रावास आष्टि, आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास बोरपानी, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास दुनावा, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास घाटबिरौली, सीनियर बालक छात्रावास गेहूंबारसा, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास छिपन्यापिपरिया, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बोरदेही, आदिवासी कन्या क्रीड़ा परिसर बैतूल, आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर शाहपुर, आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर बैतूल, आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर आठनेर, आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर आमला, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम खेड़ला, आदिवासी अंग्रेजी माध्यमिक प्राथमिक बालक आश्रम बैतूल, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला सौतखेड़ा, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला असाड़ी, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला हरदू, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला चिरापाटला, आदिवासी अंग्रेजी माध्यमिक बालक अंग्रेजी आश्रम शाला चिचोली, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला धार, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला कुप्पा, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला फोफल्या, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला भौंरा, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला केसिया, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला सिवनपाट, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला रामपुर, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला खमालपुर, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला बेलोंड आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला पाढ़र, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला सलैया, आदिवासी अंग्रेजी माध्यमिक प्राथमिक शाला घोड़ाडोंगरी, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला सावलमेंढ़ा, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला थपोड़ा, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला कुकरु, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला थपोड़ा, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला पलाशपानी, आदिवासी अंग्रेजी माध्यमिक प्राथमिक कन्या आश्रम शाला भैंसदेही, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला भीमपुर, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला चुनालोमा, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला दामजीपुरा, आदिवासी प्राथमिक कन्या आश्रम शाला भांडरीढाना, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला रतनपुर, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला महतपुर, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला डोडाजाम, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला गुरुवा पिपरिया, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला देसली, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला नांदा, आदिवासी अंग्रेजी माध्यम माध्यमिक बालक आश्रम शाला भीमपुर, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला आठनेर, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला मेंढा छिंदवाड़, आदिवासी प्राथमिक बालक आश्रम शाला मोरूढ़ाना, आदिवासी माध्यमिक बालक आश्रम शाला काबला, आदिवासी अंग्रेजी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला आठनेर, आदिवासी माध्यमिक कन्या आश्रम शाला मोरखा, महाविद्यालयीन अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बैतूल, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बैतूल, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास भैंसदेही, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास शाहपुर, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास घोड़ाडोंगरी, जूनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास रतेड़ाकला, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास जंबाड़ा, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खेड़ली बाजार, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास आमला, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास मुलताई, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास प्रभात पट्टन, महाविद्यालयीन अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बैतूल, सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बैतूल, सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बैतूल क्रमांक 1, सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बैतूल क्रमांक 2, सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बैतूल क्रमांक 3, सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास घोड़ाडोंगरी, सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बगडोना, सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आमला, सीनियर उत्कृष्ट अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मुलताई, सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास प्रभात पट्टन